पंजाब केसरी 19/09/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में ट्रेजर हंट नामक गतिविधि आयोजित

विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए विभागाध्यक्ष डा. भारती विज एवं अन्य। (देवदत्त)

अम्बाला, 18 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बला कैंट में बुधवार को प्रबंधन विभाग ने प्रिंसिपल डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में ट्रेजर हंट नामक एक गतिविधि का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. अमिता, प्रभारी, प्रबंधन सोसायटी के स्वागत भाषण के साथ हुई।

इसमें उन्होंने उस गतिविधि के महत्व पर जोर दिया, जो छात्रों की प्रतिभा और कौशल की खोज पर केंद्रित है। मंच का संचालन बीबीए की छात्रा मानसी एवं सेजल ने किया। बता दें कि छात्रों को लाल, सफेद, नीले, हरे और काले रंग के रिबन के साथ पांच टीमों में बांटा गया था। छात्रों को सुराग सुलझाने के लिए संकेत दिए गए और अंतत: उन्हें खजाने के बक्से की खोज करनी पड़ी।

इस दौरान सफेद रिबन वाली टीम विजेता रही। जिसमें बीबीए प्रथम वर्ष की लभ, तनु, निति‌क खुशी और बीबीए द्वितीय वर्ष को शिवम पहला स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर विभागाध्यक्ष डा. भारती विज ने सम्मानित किया।

अंत में डा. रवनीत कौर ने इस आयोजन की सफलता के लिए पूरे विभाग और आयोजन के आयोजकों को सिमरनजीत कौर गुंजन मयंक शर्मा पलक एंवम अश्वनीत को बधाई दी।